Australian Government
Department of Home Affairs

नागरिकता के लिए आवेदन करना

ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता के लिए नए आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं।

विभाग के पास जमा किए गए ऑस्ट्रेलियाई नागरिकता के सभी आवेदनों का प्रसंस्करण जारी है।

नागरिकता के एपॉइंटमेंट और परीक्षाएँ

सभी राज्यों और राज्य-क्षेत्रों में स्वास्थ्य-संबंधी दिशा-निर्देशों और स्थानीय प्रतिबंधों के अनुसार नागरिकता के आमने-सामने के एपॉइंटमेंट नियत किए जा रहे हैं।

पात्र व्यक्ति-विशेषों से संपर्क करके उन्हें नागरिकता के एपॉइंटमेंट या परीक्षा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। आपको अपने नागरिकता के एपॉइंटमेंट या परीक्षा के बारे में विभाग [Department] से संपर्क करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

नागरिकता के एपॉइंटमेंट COVID-19 के स्थानीय खतरों और प्रतिबंधों से प्रभावित हो सकते हैं। इस परिस्थिति में संभावित रूप से कम सूचनावधि में एपॉइंटमेंटों को रद्द किया जा सकता है, और जब ऐसा करना सुरक्षित हो तो इन्हें पुनर्निर्धारित किया जा सकता है। विभाग [Department] सेवार्थियों को स्थानीय COVID-19 खतरों और प्रतिबंधों में परिवर्तनों से प्रभावित होने वाले एपॉइंटमेंटों के बारे में सूचित करेगा। कृपया यह सुनिश्चित करें कि आपके ImmiAccount में आपके मोबाइल फोन और ईमेल संपर्क विवरण अप टु डेट हैं।

नागरिकता समारोह

आपसे सीधे संपर्क किया जाएगा और आपको नागरिकता समारोह में आमंत्रित किया जाएगा। आपको अपने समारोह के बारे में विभाग [Department] या अपनी स्थानीय परिषद से संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है। ये समारोह राज्य या राज्य-क्षेत्र के वर्तमान निर्देशों के अनुसार समारोहों के लिए लागू सीमाओं और COVIDSafe आवश्यकताओं का अनुपालन करते हैं।

सामान्य रूप से प्राप्तकर्ताओं को अपने स्वीकृति नोटिस के 12 महीनों के अंदर एक समारोह में भाग लेकर प्रतिबद्धता की प्रतिज्ञा करनी होती है।